हरिभूमि

# कोरिया भूमि

तापमान

अधिकतम 40 डिग्री

न्यूनतम 25 डिग्री

बिलासपुर, गुरुवार 2 मई 2024





4 26 हजार विद्यार्थियों के घोषित हुए परीक्षा परिणाम




**खबर संक्षेप**

### राजधानी में मनेन्द्रगढ़ के बच्चों ने मारी बाजी



**मनेन्द्रगढ़।** छग की राजधानी रायपुर में स्मार्ट किड अबेकस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के द्वारा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन में स्मार्ट किड अबेकस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की फ्रेंचाइजी ओनर के बच्चों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता ग्रीन अर्थ सिटी अम्लेश्वर में हुई। इसमें मनेन्द्रगढ़ के बच्चों ने भाग लिया और वहां पहला दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में मनेन्द्रगढ़ से 25 बच्चे गए थे। इसमें मनेन्द्रगढ़ के 20 बच्चों ने पहला, दूसरा, तीसरा स्थान प्राप्त किया। मनेन्द्रगढ़ में अबाकस क्लास जो की बस स्टैंड के पास काली मंदिर रोड में कराई जाती हैं, पिंकी गुप्ता के द्वारा ये क्लास दी जाती है, किसी भी बच्चों को ये क्लास लेनी हो तो वह भी ये क्लास ले सकते हैं।

### स्वीप क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन आज

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी.राहुल वेंकट के निर्देशानुसार 2 मई की सायं 7 बजे से बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में फ्लड लाइट टेनिस क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयोजन में किया जाना है। इसमें खेल अधिकारी गोपाल सिंह द्वारा जिले के शहरी एवं ग्रामीण युवा मतदाताओं से अपील किया गया है कि युवा अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर मतदाता जागरूकता के उपलक्ष्य में आयोजित किए जाने वाले स्वीप क्रिकेट प्रतियोगिता को सफल बनाए, इसके साथ ही युवा मतदाता 7 मई को लोकतंत्र के महापर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और जिले के मतदान प्रतिशत को बढ़ाते हुए राष्ट्र निर्माण में अपना सहयोग प्रदान करें।

### 5 से 7 मई तक बंद रहेगी शराब दुकानें

**बैकुण्ठपुर।** जिले में लोकसभा चुनाव को निष्पक्षतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से 5 से 7 मई मतदान समाप्ति तक जिले में शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इस दौरान जिले की सभी मदिरा दुकानें बंद रखने के आदेश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने दिए हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने छग आबकारी अधिनियम 1951 की धारा 135-ग की प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले में स्थित समस्त देशी,विदेशी एवं कंपोजिट मदिरा दुकानों, होटल, क्लब बार को मतदान समाप्ति के 48 घंटे के पूर्व अर्थात 5 मई की शाम 5 से 7 मई को मतदान समाप्ति तक एवं मतगणना दिवस 4 जून को संपूर्ण दिवस शुष्क अवधि घोषित किया है। उक्त अवधि में समस्त मदिरा दुकानों को पूर्णतः बंद रखे जाने का आदेश दिया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपरोक्त आदेश का पालन कड़ाई से किए जाने के निर्देश दिए हैं।

### कलेक्टर ने दो शस्त्र लाइसेंस को किया निलंबित

**अंबिकापुर।** लोकसभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन कर थाने में लाइसेंसी हथियार जमा नहीं करने के मामले में जिला निर्वाचन अधिकारी ने कड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर ने दो लोगों के शस्त्र लाइसेंस को आगामी आदेश तक के लिए निलंबित कर दिया है। बता दें कि लोकसभा चुनाव के तहत सरगुजा में 16 मार्च से आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है। आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो जाने के उपरान्त कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी विलास भोस्कर द्वारा आदेश जारी कर शस्त्र रखने और जमा करने के नियमों का उल्लंघन करने वालों के शस्त्र लाइसेंस निलंबित कर दिए गए हैं।

## चुनाव ड्यूटी के लिए आए केन्द्रीय बल के जवान हुए शामिल

# लोस चुनाव : पुलिस के जवानों ने किया फ्लैग मार्च





शहर के मुख्यमार्ग पर निकली फ्लैग मार्च में शामिल पुलिस कर्मी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया-एमसीबी जिले में 7 मई को कोरबा लोकसभा का चुनाव होना है। इस चुनावी युद्ध में 27 प्रत्याशियों की दांव लगी हुई है, हालांकि मुख्य मुकाबला भाजपा-कांग्रेस के बीच ही तय माना जा रहा है। दूसरी ओर जिला और पुलिस प्रशासन अपने स्तर से शत-प्रतिशत मतदान शांतिपूर्ण संपन्न कराने की तैयारियों में लगा हुआ है।

इसी के तहत कोरिया पुलिस द्वारा जिला मुख्यालय बैकुंठपुर, मनसुख, फूलपुर, चरचा, नगर, पटना टाउन, पंडोपारा, कटोरा, बरदिया, कटकोना, मुरमा में फ्लैग मार्च निकाला और लोगों को संदेश दिया कि बिना किसी लालच और डर के भयमुक्त होकर वोट डालें। इसी के साथ-साथ कोरिया पुलिस एवं बाहर से निर्वाचन के लिए आए हुए सीआरपीएफ एवं आईटीबीपी की कंपनी द्वारा बैकुंठपुर में पतरापाली, डुभापानी, जामपानी, तेलईधार, भांड़ी, जनकपुर, आनी, तलवापारा, बाजारपारा, चेर, सलका, गढ़ेलपारा, कन्या हाईस्कूल, ओड़गीनाका, तलवापारा, भट्ठीपारा, महलपारा, डबरीपास, चेर, हाईस्कूल, चरचा में छरछा बस्ती, चेवरापारा, खरवत, पटना में करजी, रनई, तेंदुआ, छिंदिया, सरभोका, कुड़ेली, कसरा, खांड़ा, बचरापोड़ी में पोड़ी, जिल्दा, तामदांड़, अमका, सकरिया, तोलगा, बचरा एवं सोनहत व रामगढ़ में कचोहर, निगोटर, हरराडीह, कॉटों, चंदहा, गिधेर, देवतीडांड़, सेराडांड़, गरनई, सलगवां खुर्द, आनंदपुर, केवराबहरा, दसैर, जोगिया, राजपुरी में एसपी सूरज सिंह परिहार के निर्देश पर एरिया डोमिनेशन एवं फ्लैग ⏭ शेष पेज 4 पर

### जनता को रिझाने भाजपा कांग्रेस ने झोंकी ताकत

जैसे-जैसे चुनाव की तिथि नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे पार्टी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की रातों की नींद आंखों से गायब होती जा रही है। विभिन्न दलों के कार्यकर्ता चुनावी सभा एवं जनसंपर्क के माध्यम से मतदाताओं को एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाकर अपने पक्ष में वोट करने की कवायद कर रहे हैं। हालांकि अब चुनाव की तिथि को गिनती के दिन रह गए हैं। जिलेभर में 7 मई को तृतीय चरण का चुनाव संपन्न होना है, जिसे देखते हुए विभिन्न दलों के पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता इन दिनों चुनावी सभाओं पर निर्भर होकर अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। वहीं इसके साथ ही पार्टी के वरिष्ठ नेता भी पीछे नहीं है, बल्कि आए दिन कहीं न कहीं चुनावी सभा को संबोधित करते हुए वे भी अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। मतदाताओं की माने तो इस चुनाव में प्रमुख भाजपा और कांग्रेस की प्रतिष्ठा दांव पर लगी हुई है। इस लिहाज से कहीं भाजपा पार्टी से जाने पहचाने चेहरे चुनावी सभा ले रहे हैं तो कांग्रेस पार्टी से भी वरिष्ठ नेता पीछे नहीं है।

### वाहनों का अधिग्रहण शुरू

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिले में छोटे वाहनों का अधिग्रहण करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। छोटे-बडे वाहनों का अधिग्रहण कर रामानुज मिनी स्टेडियम में खड़ा कराया जा रहा है। इन वाहनों के माध्यम से मतदान कर्मी अपने-अपने मतदान केन्द्रों तक पहुंचेंगे।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी

# शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

**चरचा पुलिस ने की कार्रवाई**

नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर जेल दाखिल करा दिया है।

जानकारी के अनुसार 30 अप्रैल को प्रार्थिया पीड़िता नाबालिग अपने पिता के साथ थाना चरचा में जाकर एक लिखित आवेदन पत्र पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराई कि माह अगस्त 2023 में नावापारा गांव के बागर सिंह के नाती के अन्नप्रशासन कार्यक्रम में अपने चाची तथा दीदी के साथ में गई थी, जहां आरोपी छबीलाल पिता शिवमंगल सिंह उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम दुधनिया थाना चरचा से मुलाकात हुई और तभी से दोनों में दोस्ती हो गई। आरोपी ने पीड़िता से यह कहकर कि मैं तुम्हें पसंद करता हूं और तुमसे शादी करना चाहता हूं, कहकर कई बार शारीरिक संबंध बनाया, इससे नाबालिग पीड़िता गर्भवती हो गई। प्रार्थिया के रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 124/2024 धारा धारा 363, 366, 376, 376 (क), (ख), 376 (2), (द) भादवि एवं 4, 6 पॉक्सो एक्ट कायम कर विवेचना ⏭ शेष पेज 4 पर

# बस दुर्घटनाग्रस्त, यात्रियों को आई मामूली चोटें



दुर्घटनाग्रस्त बस।

**खड़गवां थाने के समीप हुई घटना**

**बैकुण्ठपुर।** बुधवार की सुबह सवारी से भरी बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय से कोड़ा तक चलने वाली पठान बस क्रमांक सीजी 16 ए 1494 बुधवार को जैसे ही खड़गवां थाने के समीप पहुंची वैसे ही दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

बताया जाता है कि बस का स्टेरिंग रॉड टूट जाने के कारण बस सड़क से नीचे उतर कर घर से जा टकराई, इससे बड़ी दुर्घटना होते-होते बच गई। हादसे में सवार यात्रियों को मामूली चोटे आई है। गौरतलब है कि जिले में कंडम बसें चल रही, इस पर न तो संबंधित विभाग ध्यान देता है और न ही जिम्मेदार अधिकारी। इस कारण आए दिन इन कंडम बसों में यात्री अपनी जान जोखिम में डालकर यात्रा करते हैं। वहीं जब कोई बड़ी दुर्घटना हो जाती है, तब विभाग व अधिकारियों के द्वारा इन बसों पर कार्रवाई कर खानापूर्ति की जाती है।

## आबकारी की रेड में अवैध शराब जब्त

**बैकुण्ठपुर।** लोकसभा निर्वाचन को लेकर जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन सहित तमाम विभाग एलर्ट है। इसी कड़ी में आबकारी विभाग ने जिले में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। आबकारी विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार मार्च 2024 में मदिरा के अवैध विनिर्माण, परिवहन एवं विक्रय पर प्रतिबंध रखने के लिए लगतार सघन गस्त व छापामार की कार्रवाई की गई। सघन गस्त के दौरान जिले में कुल 52 जांच एवं छापा मारे गए। तथा 26 प्रकरणों के तहत 147.83 बल्क लीटर मदिरा, 270 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त की गई है। धारा 34 (1)च के तहत 5, धारा 34 (1) (क) के तहत 12, धारा 34 (1) (ख) के तहत 1, धारा 34 (1) च के तहत एक, धारा 36 (क) के तहत 5 तथा धारा 36 (च) (1) के तहत 2 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। जिला आबकारी अधिकारी ने जानकारी दी है कि बैकुंठपुर में आबकारी नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया गया है, जो 24 घंटे खुला रहेगा। दूरभाष नंबर 07836-232199 पर या नियंत्रण कक्ष में जाकर अवैध शराब बिक्री के संबंध में कोई भी व्यक्ति जानकारी व शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

# गीत-संगीत के साथ एक शाम वोटर्स के नाम कार्यक्रम



संबोधित करते कलेक्टर।



कार्यक्रम में मतदान करने का संकल्प लेते लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला स्वीप समिति द्वारा आयोजित एक शाम वोटर्स के नाम कार्यक्रम में गीत, संगीत के माध्यम से मतदाताओं को 7 मई को होने वाले मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया गया।

सभी ने इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि जब निर्वाचन आयोग हम मतदाताओं के लिए इतना कुछ कर रहे हैं तो हम भी अपने मतदान केन्द्र पहुंचकर मतदान अवश्य करेंगे, वहां उपस्थित मतदाताओं ने मतदान करने का संकल्प भी लिए। कलेक्टर जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने कहा स्वीप संध्या का बहुत सुंदर आयोजन जिला स्वीप समिति कोरिया द्वारा किया गया है। वास्तव में हर एक वोट बहुत महत्व है। उन्होंने बताया कि विगत दो विधानसभा चुनाव में जिले में मतदान प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिसके लिए निर्वाचन आयोग ने कोरिया जिले को बधाई प्रेषित की गई। श्री लंगेह ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि आगामी लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान के साथ एक बार फिर इस निर्वाचन में अपनी जगह शीर्ष पर बनाएंगे। सभी मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि एक-एक वोट का महत्व है, इसलिए सभी लोग 7 मई को जरूर मतदान करने पहुंचे। सीईओ जिला पंचायत डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने कहा कि स्वीप संध्या में बहुत ही रचनात्मक तरीके से विभिन्न वोटर हेल्पलाइन एप्लीकेशन के बारे में जानकारी दी गई। एंड्रॉयड स्मार्ट फोन के माध्यम से मतदाता को सी विजिल, केवाईसी जैसे एप का इस्तेमाल कर कार्यालयों के चक्कर लगाने से बच सकते हैं। उन्होंने आम लोगों से कहा कि स्वयं मतदान करें और अपने आसपास के मतदाताओं को अपने साथ लेकर मतदान के लिए जरूर जाएं। जिला प्रशासन द्वारा किए गए इस तरह के अनूठी पहल को शहरवासियों ने सराहा है और 7 मई को होने वाले मतदान प्रतिशत में इजाफा होने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

# खंड काव्य लोगों के जीवन को सरल बनाने में सहायक



विमोचन कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

विश्व के कल्याण की प्रेरणा से ओत-प्रोत रामायण प्रसाद पाण्डेय का खंड काव्य कल्याण कल्प मानव जीवन को सफलता का मार्ग दिखाने वाला है। विगत दिवस अग्रसेन भवन में आयोजित पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की आसंदी से बोलते हुए अप्रवासी भारतीय चंद्रकांत पटेल ने कहा कि यह खंड काव्य लोगों के जीवन को सरल व सुखद बनाने में सहायक है। इस अवसर पर अपनी मां को याद करते हुए प्रज्ञा पांडेय ने अपनी कविता प्रस्तुत की, नाम था सविता, सविता का तेज समाया था, तेजमयी उन आंखों में केवल ममता का साया था। इस अवसर पर कवि गौरव अग्रवाल ने कहा कि कल्याण कल्प के विषय में यह कहना चाहिए कि वर्तमान में आपके पास डॉक्टर बनने की किताब है, इंजीनियर बनने की किताब है, अगर आप एक अच्छा मनुष्य बनना चाहते हैं तो यह आपके लिए एक सरल विकल्प है मनुष्य को अच्छा मनुष्य बनाने की एक कुंजी है, एक सरल साधन है। इसी तारतम्य में पत्रकार रामचरित द्विवेदी ने कहा कि ⏭ शेष पेज 4 पर



### झगराखाड़ में चला मतदाता जागरूकता अभियान

**बैकुंठपुर।** स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत जनपद पंचायत खड़गवां में शत-प्रतिशत मतदान हो, इसके लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी. राहुल वेंकट के निर्देशन तथा परियोजना निदेशक नितेश उपाध्याय के मार्गदर्शन में लगातार मतदाता जागरूकता से संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारी बंसत राम के मार्गदर्शन में नगर पंचायत झगराखांड़ में कम प्रतिशत वाले वोटिंग क्षेत्र वार्ड क्रमांक 13 एवं 14 में स्वीप कार्यक्रम के तहत वार्डवासियों के द्वारा अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूकता अभियान चलाकर सामूहिक रूप से शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# आरक्षक रामनाथ को दी गई विदाई

**बैकुण्ठपुर।** जिला पुलिस बल कोरिया के आरक्षक रामनाथ राम 30 अप्रैल को अपनी अधिवार्षिकीय आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए। इस पर पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के निर्देश पर 1 मई को रक्षित केन्द्र बैकुंठपुर के कॉन्फ्रेंस हॉल में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। रामनाथ राम 7 जुलाई 1987 को भर्ती होकर पुलिस में अपनी सेवाएं दें रहे थे।



लगभग 37 वर्षों की अपनी सेवा अवधि में वह जिला सरगुजा एवं कोरिया के थाना प्रतापपुर, विश्रामपुर, पोड़ी, रक्षित केन्द्र, चौकी रामगढ़, बैकुंठपुर एवं केल्हारी में पदस्थ रहे एवं वर्तमान में रक्षित केन्द्र बैकुंठपुर में ड्यूटी कर रहे थे। कार्यक्रम में रामनाथ राम के साथ कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों ने उनके साथ कार्य करने की अपनी यादें ताजा की। श्री राम ने भी अपने विभाग में कार्य के दौरान अपनी खट्टी-मीठी यादें बताई और अनुभव साझा किए। आयोजन में श्री राम के साथ कार्य करने वाले उप निरीक्षक बीरबल राजवाड़े, प्रधान आरक्षक रामप्यारे कुजूर, आनंद टोप्पो, आरक्षक संतलाल ने अपनी यादें ताजा की है। एसपी श्री सूरज परिहार ने आरक्षक रामनाथ राम को शॉल, श्रीफल, उपहार एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया। एसपी ने कहा कि रामनाथ जैसे कर्मचारी पुलिस विभाग की पूंजी है, साथ ही उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कहा ⏭ शेष पेज 4 पर

## जपं सोनहत के कई ग्राम पंचायतों में श्रमिक हुए सम्मानित

# मतदान के लिए आमंत्रण पत्र सौंपकर मनाया मजदूर दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

देश की तरक्की हमेशा मजदूर की पसीने से लिखी जाती है। कोई भी समाज तभी विकसित हो सकता है जब वह समाज के हर श्रमिक का उतना ही सम्मान करें जितना किसी अन्य वर्ग का होता है। इसी मूल अवधारणा के साथ एक मई को अंतरराष्टीय मजदूर दिवस के तौर पर मनाया जाता है।

मजदूर दिवस के इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में ग्रामीण अंचलों में विभिन्न मनरेगा कार्यस्थलों पर श्रमिकों का सम्मान किया गया। श्रमिकों के सम्मान के साथ ही



आयोजित कार्यक्रम में शामिल अफसर।



मतदान के लिए दिलाई गई शपथ।

कोरिया जिले के 100 से ज्यादा ग्राम पंचायतों में श्रमिक दिवस के अवसर पर अकुशल श्रमिकों को आगामी निर्वाचन में हिस्सेदारी के लिए संकल्प दिलाया गया और साथ ही सभी आम नागरिकों की निर्वाचन में सहभागिता के लिए सात मई को मतदान के लिए आमंत्रण पत्र भी प्रदान किया गया। इस आयोजन के संदर्भ में विस्तार से जानकारी देते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि कोरिया जिले के 100 से ज्यादा ग्राम पंचायतों में वर्तमान में लगभग 15 हजार से ज्यादा अकुशल श्रमिक मनरेगा के विभिन्न रोजगारमूलक कार्यों में नियोजित हैं। इन कार्यरत श्रमिकों के बीच मजदूर दिवस का गरिमापूर्ण आयोजन किया गया। पूरे वर्ष अथक श्रम करने वाले श्रमिकों मोतीलाल, छोटेलाल, श्रीमती चंद्रवती, श्रीमती विमला जैसे अनेक श्रमिकों का सम्मान करते हुए सभी को समाज की उन्नति में सहभागिता के लिए प्रोत्साहित किया गया। जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि ग्राम पंचायत पुसला और कटगोड़ी में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मनोज जगत और कार्यक्रम अधिकारी प्रतीक ⏭ शेष पेज 4 पर

### मजदूर दिवस पर आयोजन



**मनेन्द्रगढ़।** दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के माध्यमिक कक्षाओं की समन्वयक रश्मिंदर कौर चावला ने कहा कि हमारा मानना है कि हमारे विद्यालय सहायक-सहायिकाओं की अपनी गरिमा और उनका अपना विशेष महत्व है। डीडब्ल्यूपीएस ने उनके सम्मान में श्रम दिवस मनाया। सहयोगी कर्मचारियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। विद्यालय के प्राथमिक कक्षाओं की समन्वयक पूनम तिवारी ने भी सभी को सहर्ष धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इतने कठिन परिश्रम के बाद भी इनकी मुस्कान बनी रहती है, जिसे देख हमारा भी मनोबल बढ़ता है। हमारा मानना है कि सबसे बड़ी प्रशंसा शब्दों में नहीं बल्कि उनके अनुसार जीना है। प्राचार्य डॉ. बसंत कुमार तिवारी द्वारा मजदूर दिवस का महत्व बताया गया। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के योगदान के बिना विद्यालय और छात्रों की प्रगति संभव नहीं है। ⏭ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### स्वर्णाभूषण सहित हजारों का माल पार

**कोरबा।** कुसमुण्डा थाना क्षेत्र के क्वा.नं. बी-49 विकास नगर कुसमुण्डा निवासी दशरा एसईसीएल कुसमुण्डा में सफाई निरीक्षक के पद पर कार्य करता है। 29 अप्रैल की सुबह 7 बजे से वह अपनी डयूटी पर जी.एम. आफिस कुसमुण्डा गया था। दशरा के बच्चे 28 अप्रैल को अपने निजी कार्य से भिलाई गये थे। उन्हे वापस लाने के लिए करीब 12 बजे दशरा अपने कार्यालय से वापस घर गया घर के आंगन में मोटर सायकल को छोड़कर आटो में कोरबा रेल्वे स्टेशन गया। घर में ताला बंद था। कोरबा से करीबन 2:10 बजे अपने परिवार संहित वापस घर आया तब दशरा व उसके परिजन ताला खोलकर घर के अंदर गये तो देखे बेडरूम का आलमारी खुला हुआ था। कपड़ा, पर्स, वगैरह बिखरा हुआ है। किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा आलमारी में रखे सोने के जेवरात दो नग अंगूठी, एक नग चैन, एक जोड़ी लटकन एवं नगदी रकम 10 से 12 हजार रूपये को चोरों ने पार कर दिया है। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांव शुरु कर दी है।

### विश्व दिवस के अवसर कार्यक्रम का आयोजन

**कोरबा।** एसईसीएल क्षेत्रीय मुख्यालय कोरबा क्षेत्र में कार्यस्थल पर सुरक्षा व स्वास्थ्य के लिए विश्व दिवस के अवसर पर आरके गुप्ता महाप्रबंधक (संचालन), एसईसीएल कोरबा क्षेत्र द्वारा सुरक्षा ध्वज फहराया गया। इसके उपरांत कोल इंडिया के कारपोरेट गीत का समवेत स्वर में गायन किया गया। कोल इंडिया के चेयरमैन का संदेश को सुनाया गया। इस अवसर पर समस्त अधिकारीगण व कर्मचारी उपस्थित हुए। कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी कर्मचारियों को सुरक्षा बैज लगाया गया। महाप्रबंधक ने कहा कि कोल इंडिया में कोयला उत्पादन का कार्य चुनौती पूर्ण है। जहाँ प्रति दिन शून्य दुर्घटना का लक्ष्य के साथ उत्पादन करते है। सुरक्षा के लिए हमेशा सतर्क रहना पड़ता है। आज का उद्देश्य कार्यस्थल पर सुरक्षा व स्वास्थ्य को बढ़ावा देना है। जिससे कि प्रत्येक कर्मचारी अपने सुरक्षा व स्वास्थ्य के प्रति सजग हो सके। मानिकपुर कोरबा क्षेत्र के कामगारों के द्वारा नुक्कड़ नाटक के द्वारा कामगारों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर सभी खानों में सुरक्षा धवज फहराकर सुरक्षा व स्वास्थ्य के प्रति शपथ ली गई। क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी इस्माईल कुरेशी द्वारा भी सभा को संबोधित किया गया तथा इसके महत्व पर प्रकाश डाला गया।

### सरस्वती उमावि का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

**कोरबा।** सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरबा में मुख्य अतिथि शंकरलाल टमकोरिया कोषाध्यक्ष सरस्वती शिक्षा समिति कोरबा के मुख्य आतिथ्य में एवं योगेश कुमार गोयल, प्रबंधकारिणी सदस्य, सरस्वती शिक्षा समिति, कोरबा की अध्यक्षता में स्थानीय परीक्षा के परीक्षाफल घोषणा एवं पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। प्राचार्य विद्यानंद पाण्डेय ने अतिथिगणों का परिचय प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि सभी भैया/बहिनों को परीक्षाफल की बधाई दी और कहा कि परीक्षा बहुत कठिन चीज है जिसमें उत्तीर्ण होना उससे भी बड़ी चीज है। जिन भैया/बहिनों ने कठिन परिश्रम करके आज अच्छी सफलता प्राप्त की है इन्हें बधाई दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्री गोयल ने कहा कि पढ़ाई एक समान होती है तथा मेहनत भी सभी विद्यार्थी करते हैं लेकिन प्रथम कोई एक ही आता है इसका कारण है कि वह सबसे हटकर कुछ अलग ही करता है।

### मतदान सुविधा केंद्र का प्रेक्षक ने किया निरीक्षण

**कोरबा।** सामान्य प्रेक्षक प्रेम सिंह मीणा, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत ने सोमवार को लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दौरान कोरबा संसदीय क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सामान्य निर्वाचन कर्तव्य पर तैनात अधिकारी-कर्मचारियों के मतदान हेतु बनाए गए सुविधा केंद्र का निरीक्षण कर डाक मतपत्र द्वारा किए जा रहे मतदान प्रक्रिया का अवलोकन किया। प्रेक्षक श्री मीणा ने डाक मतपत्र द्वारा मतदान के संबंध में दूसरे जिलों में भी सूचना प्रेषित करने के निर्देश दिए।

## जिला पंचायत संसाधन केंद्र परिसर पर की गई है डाक मतपत्र की व्यवस्था

# मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारियों ने किया मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

डाक मतपत्र से मतदान करने वाले पुलिस विभाग में पदस्थ ओमकार साहू व हबिल एक्का ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन कार्य में उनकी ड्यूटी लगी हुई है। मतदान दिवस 7 मई को निर्वाचन कार्य में व्यस्त रहने के कारण वे पोलिंग बूथ पर जाकर मतदान करने में असमर्थ हैं, इस हेतु उन्होंने डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने का विकल्प चयन कर सुविधा केंद्र में आकर मतदान किया है। इसी प्रकार नगर सेना में पदस्थ नागेन्द्र राजपूत व रमेश कुमार कंवर ने बताया कि निर्वाचन ड्यूटी होने के कारण उन्होंने भी अपना महत्वपूर्ण वोट डाक मतपत्र के माध्यम से किया है।

उल्लेखनीय है कि संसदीय क्षेत्र क्रमांक 4 कोरबा के तहत आने वाले सभी अधिकारी कर्मचारी जो सामान्य निर्वाचन कर्तव्य पर तैनात है के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने हेतु सुविधा केंद्र तथा अनुपस्थित श्रेणी अनिवार्य सेवा के मतदाताओं हेतु सुविधा केंद्र जिला पंचायत संसाधन केंद्र परिसर कोरबा में स्थापित की गई है। केन्द्र में सुरक्षा बल एवं नगर सेना के मतदान कार्य में नियुक्त अधिकारी कर्मचारी 29 एवं 30 अप्रैल को, मतदान दल कर्मचारी एवं अन्य जिलों से प्राप्त डाक मतपत्र के आवेदन, वाहन चालक हेतु 1 से 6 मई तक, अनिवार्य सेवा श्रेणी मतदाता हेतु 1 से 3 मई प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान कर सकते हैं। इसी तरह शासकीय मुकुटधर पाण्डेय महाविद्यालय कटघोरा में सुरक्षा बल एवं नगर सेना अंतर्गत मतदाता 29 एवं 30 अप्रैल को 9 से 5 बजे तक मतदान कर सकते हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत ने संबंधित शासकीय अधिकारी कर्मचारी को निर्धारित दिनांक एवं समय पर सुविधा केंद्र में मतदान करने की अपील की है।




मतदान दल के कर्मचारी मतदान करते हुए।

### प्रेक्षक और कलेक्टर ने कमीशनिंग कार्य का



लोकसभा निर्वाचन को समयबद्धता, पारदर्शिता एवं त्रुटिरहित सम्पन्न कराने हेतु जिले में निर्वाचन के दौरान उपयोग होने वाले ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपैट मशीनों का कमीशनिंग सोमवार को झगरहा स्थित आईटी कॉलेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम में प्रारंभ हो गया है। सामान्य प्रेक्षक प्रेम सिंह मीणा, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत ने स्ट्रांग रूम में किए जा रहे कमीशनिंग कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश अनुरूप एवं गोपनीयता बनाए रखते हुए कमीशनिंग का कार्य संपादित करने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत 7 मई को होने वाले मतदान के लिए उपयोग होने वाली मशीनों के विधानसभावार कमीशनिंग के साथ ही सीलिंग का कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है। कमीशनिंग कार्य हेतु प्रशिक्षित अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। आज विधानसभा रामपुर एवं पाली तानाखार में निर्वाचन कार्यों में उपयोग होने वाले ईवीएम मशीनों का कमीशनिंग किया जा रहा है एवं शेष विधानसभा कटघोरा एवं कोरबा के लिए उपयोग होने वाले ईवीएम मशीनों का कमीशनिंग 30 अप्रैल को किया जाएगा।

# पड़ोसी के हत्यारे युवक को आजीवन कारावास

**कोरबा।** लगभग 4 वर्ष पूर्व दो पड़ोसियों के बीच बकाया राशि को लेकर विवाद हो गया था। जहां एक पड़ोसी ने दूसरे पड़ोसी पर चाकू घोपकर हत्या कर दी थी। इस मामले में न्यायालय ने आरोपी को आजीवन कारावास व 1 हजार रुपए अर्थदंड की सजा से दंडित किया है।मामला बालको थाना क्षेत्र के ग्राम धनगांव की है। यहां निवास करने वाले विसम्भर साय उर्फ केंदा सारथी ने सोसायटी से खरीदी गई चावल को अपने पड़ोसी रामचरण के पास बेच दिया था। इस दौरान रामचरण ने चावल की कुछ राशि अपने पड़ोसी विसम्भर को दे दिया था लेकिन कुछ राशि बकाया बचा हुआ था। कई बार मांगने के बाद भी विसम्भर को रामचरण राशि नहीं दे रहा था। वर्ष 2020 में विसम्भर पुनः अपने पड़ोसी रामचरण के पास राशि मांगने पहुंचा था। जहां बकाया राशि को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई और देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया था कि विसम्भर अपने पास में रखे चाकू से रामचरण के ऊपर जानलेवा हमला कर दिया था जिससे उसकी मौत हो गई थी। इस मामले में बालको पुलिस ने विसम्भर साय के खिलाफ धारा 302 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को न्यायालय में पेश किया था। जहां मामले की सुनवाई प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश के न्यायालय में चल रही थी जहां आरोपी विसम्भर साय के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर उसे न्यायालय ने धारा 302 के तहत आजीवन कारावास व 1 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा से दंडित किया है।

### हत्या के प्रयास के मामले में 7 वर्ष की सजा

पाली थाना क्षेत्र के ग्राम धौराभांठा निवासी होरीलाल द्वारा आहता प्रीति टेकाम के अधिपत्य के निवास गृह में टांगी लेकर हमला करने की तैयारी करके आहता के निवास गृह का दरवाजा तोड़कर प्रवेश कर रात्रो गृहभेदन किया और धारदार टांगी से प्रीति टेकाम को मारकर स्वेच्छा उपहति कारित किया जिससे प्रीति टेकाम के गर्दन व हाथ में चोट लगी थी। इस मामले में पाली पुलिस ने आरोपी होरीलाल के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया था और अपराध पंजीबद्ध कर मामले को न्यायालय में पेश किया था। जहां मामले में आरोपी के खिलाफ दोषसिद्ध होने पर धारा 307 के तहत आरोपी को 7 वर्ष सश्रम कारावास व 5 सौ रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया गया है। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी अति. लोक अभियोजक अशोक आनंद ने की।

# डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने किया शीतल पेयजल का शुभारंभ



प्याऊ का शुभारंभ करते लायंस के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर व पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

दी इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ लॉयन्स क्लब से सम्बंधित संस्था कटघोरा छुरी के द्वारा शुरू से ही हर क्षेत्रों में विधिया करते आई हैं।

इसी कड़ी में सोमवार को इस चिलचिलाती धूप को देखते हुए नगर के मुख्य मार्ग प्रायमरी स्कूल के बगल में आने जाने वाले राहगीरों के लिए शीतल पेयजल पानी प्याऊ का स्टाल लगाया गया। जिसका शुभारंभ डिस्ट्रिक्ट 3233 सी के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ ला शैलेश अग्रवाल रायगढ़ के मुख्य आतिथ्य में विधिवत रिबन काटकर शुभारंभ किया गया क्लब के सचिव आशीष अग्रवाल ने बताया कि क्लब के द्वारा हर वर्ष गर्मी को देखते हुए इस प्रकार के आयोजन किये जाते रहे हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शैलेश अग्रवाल ने बताया कि निश्चित ही पानी पिलाना बहुत ही पूण्य का कार्य होता है। खासतौर पर इस भीषण गर्मी में आने जाने वाले राहगीरों के साथ घर के बाहर जानवरों के लिए व घर की छतों पर पक्षियों के लिए भी पानी की व्यवस्था करनी चाहिए।

# ग्राम पंचायतों में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लोकसभा निर्वाचन के दौरान शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में युवा, महिला, पुरूष सहित स्कूल-कॉलेजों के छात्र-छात्राओं द्वारा लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु नुक्कड़-नाटक, रैली, नारा-लेखन, निबंध, भाषण, मेहंदी प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण जैसे अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।

**खास बात**

- रैली, नारा, लेखन, मेहंदी, रंगोली प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण आदि गतिविधियां हुई आयोजित

स्वीप कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत बंजारी में संकुल के नोडल प्राचार्य केएल बरेठ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्कूल के शिक्षक एवं बीएलओ के द्वारा रैली निकालकर ग्रामीणों को शत-प्रतिशत वोट डालने के लिए प्रेरित किया गया। जनपद पंचायत पाली के ग्राम पंचायत मादन में ग्रामीण महिलाओं के द्वारा मतदान हेतु षपथ ली गई। षासकीय आयुर्वेदिक औषधालय रजगामार में अधिकारी-कर्मचारी और ग्रामीणों ने लोकसभा निर्वाचन में 100 प्रतिशत मतदान करने की षपथ लेकर ग्रामीणों को प्रेरित किया। जनपद पंचायत पोड़ी के ग्राम पचरा में स्वसहायता समूह की महिलाओं के द्वारा मतदान जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसके तहत महिलाओं ने रंगोली सजाओ, मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता आयोजित करके षत-प्रतिषत मतदान की शपथ ली। इसके साथ ही ग्रामीण महिलाओं एवं पुरूषों ने गांव में रैली निकालकर मतदान के माध्यम से लोकतंत्र मजबूत करने का संदेष दिया। इसी तरह प्राथमिक षाला बंजारी के परिसर में स्वसहायता समूह की महिलाओं के द्वारा मेहंदी लगाकर तथा पोस्टर बनाकर अनिवार्य मतदान का संदेष दिया गया। इसके साथ ही गांव में रैली निकालकर षत-प्रतिषत मतदान करने हेतु ग्रामीणों को प्रेरित किया गया। ग्राम पंचायत गंगदेई कटघोरा में स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने गांव में रैली निकालकर षत-प्रतिषत मतदान का संदेश दिया।



मतदाता जागरुकता रैली में शामिल स्कूली छात्र छात्राएं।

### महिलाओं ने रंगोली बनाकर मतदान की ली शपथ

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, जिला कोरबा रोवर्स, रेंजर्स तथा लीडर्स के द्वारा विगत दिवस स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता हेतु विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसके तहत साइकल रैली, दिव्यांग रैली, मेहंदी, रंगोली एवं शपथ कार्यक्रम, मानव श्रृंखला, नुक्कड़ नाटक जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए। जनपद पंचायत कटघोरा के ग्राम पंचायत बतारी में स्व-सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा रंगोली बनाकर अनिवार्य मतदान की षपथ ली गई। इसी प्रकार ग्राम पंचायत भिलाई बाजार, ग्राम बिझरी, रामपुर, चंद्रौटी, पोड़ीकला, केसला, बिंझरा, नवागांवकला, कोरबी, परला, पताढ़ी में ग्रामीण महिलाओं के द्वारा रंगोली बनाकर षत-प्रतिषत मतदान की शपथ ली गई। जनपद पंचायत कटघोरा के ग्राम पंचायत मोहनपुर में ग्रामीणों के द्वारा सत्य और ईमान से, सरकार बने मतदान से स्वस्थ जनतंत्र की है पहचान, सबको शिक्षा और मतदान आदि नारों का दीवार लेखन करके शत-प्रतिशत मतदान करके लोकतंत्र को मजबूत बनाने का संदेश दिया गया।

# मतदाताओं को जागरूक करने घर घर पहुंची पत्थलगांव की महिलाएं

जशपुरनगर। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में शत प्रतिशत मतदान के उद्देश्य से निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.रवि मित्तल के दिशा-निर्देश में स्वीप कार्यक्रम चलाया जा रहा है। स्वीप जश-प्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं सीईओ जिला पंचायत अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता के लिए जिले के प्रत्येक मतदाता तक पहुंचाने का कार्य सभी शासकीय विभागों के द्वारा किया जा रहा है। रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत पथलगांव विधानसभा के नगर पंचायत पत्थलगांव में स्व सहायता समूह की महिलाएं शत प्रतिशत मतदान करने के लिए लोगों के घर-घर जाकर 7 मई को मतदान केंद्र जाकर मतदान करने की अपील मतदाताओं से कर रही हैं। ऐसी ही कुछ तस्वीरें पत्थलगांव से आ रही है। नगर पंचायत पत्थलगांव के वार्ड नंबर 8 में लक्ष्मी स्व सहायता समूह की महिलाएं मतदाता जागरूकता अभियान के तहत घर-घर जाकर लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित कर रही हैं। उनका कहना है कि चुनाव हमारे लोकतंत्र का पर्व है, इसे मजबूत करने के लिए प्रत्येक नागरिक को अपने मताधिकार का प्रयोग अनिवार्य रूप से करना चाहिए।



समूह की महिलाएं कर रही मतदाताओं को जागरूक।

# मतदाताओं को रासेयो ने किया जागरूक

**जशपुरनगर।** जिले के अग्रणी शासकीय रामभजन राय एन ई एस महाविद्यालय के रासेयो स्वयंसेवक हेमराज राम एवं सत्यपाल सिंह ने मनोरा ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्रों में घूम-घूम कर ग्रामीणों से संपर्क कर रहे हैं और सामूहिक वार्तालाप के माध्यम से आगामी लोकसभा निर्वाचन में अपना सुनिश्चित मतदान करने के लिए उन्हें प्रेरित कर रहे हैं। इनके द्वारा पूर्व में भी मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों में किए जाते रहे हैं ग्रामीणों से सतत संपर्क के साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर मतदाता जागरूकता से संबंधित नारा लेखन का कार्य भी कर रहे है। स्वयंसेवक हेमराज राम एवं सत्यपाल सिंह के द्वारा किए गए प्रयास के फलस्वरूप ग्रामीणजन लोकतंत्र के मजबूती में मतदान के महत्व को समझ रहे हैं। मनोरा ब्लॉक के ग्रामों में जागरुकता कार्य कर हेमराज और सत्यपाल ने प्राचार्य डॉ विजय रक्षित और रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विनय तिवारी को बताया कि ग्रामीणों में मतदान के प्रति उत्साह जागा है और वे मतदान दिवस के पूर्व तक अपना मतदाता जागरुकता के कार्य को जारी रखेंगे। प्राचार्य ने स्वयंसेवकों के कार्यो को भूरी भरी प्रशंशा करते हुए इनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाए दी।



# कुनकुरी में भाषण व कविताओं के माध्यम से मतदान करने का संदेश



कार्यक्रम में भाग लेते छात्र-छात्राएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में शत प्रतिशत मतदान के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.रवि मित्तल के द्वारा निर्वाचन आयोग के निर्देश पर स्वीप कार्यक्रम चलाया जा रहा है। स्वीप जश-प्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी और सीईओ जिला पंचायत अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता के लिए जिले के सभी महाविद्यालयों में रैलियां, शपथ ग्रहण, भाषण प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता जैसे कार्यक्रम लगातार आयोजित कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में शासकीय महाविद्यालय कुनकुरी में प्राचार्य विनायक साय और महाविद्यालय के स्वीप प्रभारी डॉ रामानुज प्रताप सिंह के द्वारा मतदान से संबंधित विषय पर भाषण और कवितापाठ का आयोजन कराया गया। जिसमें उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव में सभी मतदाताओं को अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए मतदान करने की अपील की। भाषण और काव्यपाठ में महाविद्यालय के 60 से अधिक विद्यार्थी सम्मिलित रहे।

## जिले में रामभरोसे चल रही नेटवर्क की सेवा

# बिजली की आंख मिचौली से लोग परेशान

**जशपुरनगर।** नारायणपुर में तेज गर्मी के साथ- साथ विद्युत व्यवस्था को लेकर क्षेत्र के ग्रामीण परेशान है। भीषण गर्मी के मौसम में बिजली की आंख मिचौली की समस्या से नारायणपुर के साथ-साथ ग्रामीण अंचल के लोग भी खासा परेशान है।

- ग्रामीणों का जीना हुआ बेहाल

भीषण गर्मी व उमस भरे इस मौसम में नारायणपुर में प्रतिदिन कई बार लोगो को अघोषित कटौती का सामना करना पड़ता हैं। लोगों का कहना है कि तेज धूप व भारी गर्मी ने सभी को परेशान करके रखा है, ऊपर से बिजली की आंख मिचौली व अघोषित कटौती इस समय आग में घी डालने का काम करती नजर आ रही है। रात हो या दिन किसी भी वक्त बिजली गुल हो जाती है, एक दिन में आठ से दस बार बिजली गुल होना आम बात हो गई है और रात के वक्त लो वोल्टेज के कारण कूलर व पंखे सही तरीके से काम करना बंद कर देते है। बिजली की इस आंख मिचौली के कारण छोटे-छोटे बच्चों और बुजर्गो को ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं। क्षेत्र में कब बिजली चली जायेगी और कब वापस आएगी, इसका कोई समय-सारणी ही नहीं है। बिजली आंख मिचौली ने लोगों का जीना हराम कर दिया है। बिजली विभाग द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। यह स्थिति क्षेत्र में लगातार बनी हुई है। गर्मी के मौसम में लोगों को नियमित रूप से बिजली नहीं मिलने से परेशानी और भी बढ़ गई है। नारायणपुर में विभाग का रवैया ही अलग है अगर बिजली किसी एक लाइन में फाल्ट है तो यंहा पूरे क्षेत्र की लाइट व्यवस्था बन्द कर दी जाती है। यंहा बिजली मरम्मत के नाम से बराबर बिजली बंद कर मेंटनेश किया जाता है परंतु मेन्टेन्स के नाम से सिर्फ खानापूर्ति होती है ,अगर सही तरीके से मेंटनेश हो तो प्रतिदिन लाइन की फाल्ट भी नही होगी। विभाग में बैठे उच्च अधिकारी इस पर संज्ञान लेकर फाल्ट के नाम से घंटो कटौती पर विराम लगाना चाहिए।



नारायणपुर जिओ नेटवर्क की सेवा राम भरोसे चल रही है। यहां पर लाइट गायब होते ही कुछ देर बाद फोन का नेटवर्क गायब हो जाता है और जब लाइट आती है तो नेटवर्क आता है। गांव में लगे टेलीकॉम कंपनी जिओ टॉवर पर देखरेख करने वाले लोगों के कारण जिओ की सेवा राम भरोसे चल रही है। इस सम्बन्ध में यहां के आस-पास लोगों की माने तो यंहा शो पीस के लिए बड़ा जनरेटर तो है पर कम्पनी डीजल बचाने के चक्कर में यह खेल खेला जा रहा है। यहां का टावर ही सरकारी बिजली के ही सहारे चलता है। इस टावर का बैटरी बैकअप नही होने के कारण भी यह समस्या उतपन्न हो रही है। कई दिनों से लगातार यंहा बिजली की आंख मिचौली के कारण जिओ नेटवर्क समस्या का सामना भी उपभोक्ताओं को करना पड़ रहा है। क्षेत्र के उपभोक्ताओं ने अब मन बना रहा है कि अगर जिओ का बैटरी ओर जनरेटर में सुधार जल्दी नही होगा तो आने वाले समय मे जल्द ही दूसरी कंपनियों में सिम पोर्ट कराने को मजबूर होना पड़ेगा। जिओ नेटवर्क लाइट नही तो नेटवर्क नही की समस्या से सम्बंधित कम्पनी के अधिकारीयों को अवगत होकर यंहा की समस्या से निजात दिलाने का उपाय उपभोक्ताओं के लिए जल्द निराकरण करना चाहिए।

# नव गुरुकुल संस्थान ने किया एक वर्ष का कार्यकाल पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

लाइवलीहुड कॉलेज में संचालित नव गुरुकुल संस्थान ने सफलतापूर्वक एक वर्ष पूर्ण कर लिया है। लाइवलीहुड कॉलेज के छात्रों में से एक ने हाल ही में नवगुरुकुल में एक अकादमिक सहयोगी के रूप में नौकरी भी हासिल की है। लाइवलीहुड कॉलेज के प्राचार्य ने कहा कि बताते हुए खुशी हो रही है कि लाइवलीहुड कॉलेज में नवगुरुकुल का एक वर्ष सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। लाइवलीहुड कॉलेज के छात्रों में से एक ने हाल ही में नवगुरुकुल में एक अकादमिक सहयोगी के रूप में नौकरी भी हासिल की है। उन्होंने कहा कि हमारे चार छात्रों का प्लेसमेंट राउंड चल रहा है। यह संदेश उन युवाओं के लिए अच्छी तरह से मिल गया है। क्योंकि नव गुरुकुल में जो कौशल विकास सहित अन्य कोर्स संचालित होते हैं वह रोजगारपरक है। नवगुरुकुल कार्यक्रम के लिए छात्र-छात्राओं ने हार्दिक आभार व्यक्त किया है। उन्होंने लाइवलीहुड कॉलेज, प्रिंसिपल और जिला प्रशासन की पूरी टीम से मिले अपार समर्थन पर जोर देते हुए कहा कि क्षेत्र के युवाओं के लिए नव गुरुकुल कोर्स महत्वपूर्ण एवं आत्मनिर्भर परख कोर्स है।

- नवगुरुकुल में मिला अकादमिक सहयोगी के रूप में नौकरी



# डेब्यू के बाद भी जिम्मी शेरगिल को घर से मांगने पड़ते थे पैसे

**मुंबई।** जिम्मी शेरगिल ने अपने बॉलीवुड करियर की शुरुआत माचिस फिल्म से की थी। हालांकि उन्होंने फिल्म में छोटा सा किरदार निभाया था, बावजूद इसके उन्हें पहचान मिली थी। लेकिन उतना पैसा नहीं मिला था, जिससे वो मुंबई में आसानी से सरवाइव कर पाते। जिम्मी ने बताया कि उनकी स्थिति कब और कैसे सुधरी थी। जिम्मी ने बताया कि बॉलीवुड में पहचान बनाने की उनकी राह आसान नहीं थी। उन्हें कई साल लग गए थे। इस बीच गुजारा करने के लिए उन्हें अपने घर से पैसे मंगवाने पड़ते थे। इसके लिए वो बेहद शुक्रगुजार भी हैं. जिम्मी ने बताया कि बावजूद इसके उन्होंने कभी घर वापस जाने की नहीं सोची।

## लाइफ Style

# हिना जल्द गिप्पी ग्रेवाल संग आएंगी नजर

टीवी पर आदर्श बहू का किरदार निभाकर अलग पहचान बना चुकीं हिना खान यूं तो एक्टिंग की दुनिया में खूब नाम कमा चुकी हैं, टीवी के बाद वह एक फिल्म में भी नजर आ चुकी हैं। इन दिनों वह अपने अगले प्रोजेक्ट को लेकर बिजी हैं।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हिना खान सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं।अपनी फैंस के साथ वह सोशल मीडिया के जरिए जुड़ी रहती हैं और अपना हर अपडेट उनके साथ शेयर करती हैं। इन दिनों हिना खान अपने अगले प्रोजेक्ट को लेकर बिजी हैं। इसी प्रोजेक्ट से उन्होंने एक फोटो शेयर की है।

पहली पोस्ट में एक क्रॉस ओवर ब्रिज पर एक पुलिस वैन दिखाई दे रही है। जिस पर रात 12:43 का समय दिखाया गया है। जिसमें 'बिहाइंड द सीन्स' है। इसके अलावा एक्ट्रेस ने दूसरी पोस्ट शेयर की है, जिसमें उनके माथे पर चोट लगी दिखाई दे रही है। इन फोटोज को शेयर करते हुए हिना खान ने तस्वीर के कैप्शन में लिखा, 'क्या आप मेरी चोट देख रहे हैं खैर, ये असली नहीं है।' इसके बाद हिना ने सभी को शुभ रात्रि कहने से पहले ऐसा दिखने के लिए अपने मेकअप आर्टिस्ट सचिन की तारीफ की है।

हिना ने प्रोजेक्ट के बारे में और कोई जानकारी शेयर नहीं की है। जल्द एक्ट्रेस गिप्पी ग्रेवाल और शिंदा ग्रेवाल के साथ पंजाबी फिल्म 'शिंदा शिंदा नो पापा' में नजर आने वाली हैं।



## हॉलीवुड मसाला




# 'एवेंजर्स' की शूटिंग अगले साल

**मुंबई।** अगर आप हॉलीवुड फिल्मों के शौकीन हैं तो आपने एवेंजर्स फिल्म सीरीज जरूर देखी होगी. इस फिल्म को फैंस खूब पसंद करते हैं। साल 2019 में इस सीरीज की पिछली फिल्म आई थी। इसके बाद से ही सभी को इस सीरीज की अगली फिल्म का इंतजार है। अब इसे लेकर धीरे-धीरे डिटेल्स आने लग गई हैं। एवेंजर्स एंडगेम के बाद कहानी के प्लॉट में काफी बदलाव किया जा रहा है।रिपोर्ट्स की मानें तो इस बार सुपरहीरोज की टीम ज्यादा बड़ी नहीं होगी और लिमिटेड स्टार्स ही अगली फिल्म की कास्ट में शामिल होंगे।



# बीबर ने कोचेला में परफॉर्मेंस के बाद शेयर की रोते हुए फोटो...

**मुंबई।** जस्टिन बीबर की इंडिया में भी तगड़ी फैन फॉलोइंग है। उन्होंने हाल ही में कोचेला में परफॉर्म किया, जिसकी फोटोज सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। इसी के साथ उन्होंने अपनी रोती हुई फोटोज भी पोस्ट कीं, जिन्हें देखकर फैंस शॉक्ड रह गए। हर कोई पूछ रहा है कि आखिर जस्टिन को हुआ क्या है? उन्होंने कोचेला की भीड़ को तब हैरान दिया, जब वो एक गाने के लिए टेम्स के साथ स्टेज पर पहुंचे। उनकी परफॉर्मेंस ने सबका दिल जीत लिया। इसके बाद जस्टिन ने अपनी कुछ फोटोज सोशल मीडिया पर शेयर कीं, लेकिन दो तस्वीरों में उनकी आंखों में आंसू देखकर फैंस हैरान रह गए। 30 साल के जस्टिन बीबर की जिंदगी रोलर-कोस्टर की तरह रही है। उन्होंने कई अप्स एंड डाउन देखे। उन्हें 'रामसे हंट सिंड्रोम' नाम की बीमारी हो गई, जिसकी वजह से उनके आधे चेहरे पर पैरालिसिस हो गया था।



# कल्कि 2898... की तुलना हॉलीवुड मूवी से

**मुंबई।** साउथ के फेमस स्टार प्रभास की अपकमिंग मूवी 'कल्कि 2898 एडी' लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। ये फिल्म पहले 9 मई को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसे आगे खिसकाकर 27 जून कर दिया गया है। इस बीच कुछ यूजर्स ने दावा किया कि ये फिल्म हॉलीवुड मूवी 'ड्यून' से मिलती-जुलती लग रही है। अब इस पर डायरेक्टर नाग अश्विन ने जवाब दिया है। हैदराबाद में वीएफएक्स समिट में नाग अश्विन से पूछा गया कि उनकी आने वाली फिल्म 'ड्यून' जैसी क्यों दिखती है और क्या उन दोनों में कोई समानता है? इसके जवाब में उन्होंने कहा, यह रेत के कारण है। उन्होंने देखा कि फिल्म में रेत है, नहीं? बेसिकली, जब भी रेत होगी, यह ड्यून की तरह दिखेगी।'अमेरिकन साइंस फिक्शन मूवी 'ड्यून' का पहला पार्ट साल 2021 में आया था।



# राजकुमार हुए भेदभाव के शिकार...

**मुंबई।** राजकुमार राव आज किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। एक्टर ने अपनी मेहनत से पहचान बनाई है, लेकिन उनकी ये राह आसान नहीं थी। उन्होंने बताया कि इसके लिए उन्हें भेदभाव सहना पड़ा, कई बार फिल्मों से बिना वजह रिप्लेस किए गए। अपने अब तक के पूरे करियर में उन्होंने इंडस्ट्री के कई रंग देखे हैं। राजकुमार जल्दी ही दिव्यांग बिजनेसमैन श्रीकांत बोला की बायोपिक फिल्म 'श्रीकांत' में नजर आने वाले हैं। जैसे फिल्म की टैगलाइन में कहा गया है कि 'आ रहा है सबकी आंखें खोलने' वैसे ही राजकुमार ने बताया कि कैसे इंडस्ट्री में उनकी आंखें खुलती गई हैं। एक्टर बोले- शुरुआत में मुझे कई फिल्म्स में से रिप्लेस किया गया था, क्योंकि कुछ बड़े एक्टर्स उन फिल्मों को करना चाहते थे। मुझे लगा था वाह सच में यहां ऐसा होता है।

## टीवी मसाला

# पर्दे पर वापसी को तैयार हैं 'चकोर'

**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस मीरा देओस्थले को 'चकोर'से घर-घर में पहचान मिली थी। इस सीरियल से खूब लोकप्रियता हासिल करने वाली एक्ट्रेस मीरा देओस्थले ने साल 2014 में सीरियल 'ससुराल सिमर का' डेब्यू किया था। इस सीरियल में वह सपोर्टिंग रोल में नजर आई थीं। उसके बाद वह 'जिंदगी विन्स और 'दिल्ली वाली ठाकुर गर्ल्स जैसे सीरियल्स का हिस्सा रही थीं। इन दिनों मीरा टीवी शो 'कुछ रीत जगत की ऐसी हैं, में नंदिनी की भूमिका में नजर आ रही हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने इस सीरियल में काम करने और मैरिज इंस्टिट्यूशन पर अपनी राय पेश की। वह कहती हैं कि शादी एक खूबसूरत बंधन के साथ -साथ बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। मीरा ने कहा, 'मुझे लगता है कि शादी एक खूबसूरत मिलन है और एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। एक नए परिवार में आते ही एक महिला का जीवन बदल जाता है। मेरे किरदार नंदिनी के लिए, रतन्शी परिवार का हिस्सा होने का उत्साह बहुत अधिक है, लेकिन इसके पीछे असहज तनाव छिपा हुआ है। उन्होंने आगे कहा, 'नरेन के पिता हेमराज एक चेतावनी देते हैं, और रौनक की छिपी हुई हरकतें भ्रम को बढ़ा देती हैं।



# टेंशन फ्री रहने के लिए डांस का सहारा लेती हैं 'अंगूरी भाभी'...

**नई दिल्ली।** टेलीविजन शो 'भाभीजी घर पर हैं' में अंगूरी भाभी का किरदार निभाने के लिए मशहूर अभिनेत्री शुभांगी अत्रे कलाकार होने के साथ-साथ डांस टीचर भी हैं। उन्होंने कहा कि डांस उन्हें तनाव और नकारात्मकता दूर करने में मदद करता है। 'इंटरनेशनल डांस डे'पर डांस के प्रति अपने जुनून के बारे में बात करते उन्होंने कहा, 'एक एक्ट्रेस होने के अलावा मैं एक अनुभवी डांसर और ट्रेनर भी हूं। डांस मेरी पहचान का अहम हिस्सा है। यह एक आध्यात्मिक और भक्तिपूर्ण नृत्य शैली है जो हर गतिविधि को गहरे अर्थ से भर देती है। कथक प्रदर्शन के दौरान तबला और सितार जैसे वाद्ययंत्रों के साथ बजाया जाने वाला पारंपरिक संगीत एक अलौकिक माहौल बनाता है जो मेरे भीतर गहराई तक गूंजता है।'



# सपना चौधरी ने ऐसा जमाया रंग कि देखते रह गए फैन्स

**नई दिल्ली ।** सपना चौधरी को कौन नहीं जानता ? तेरी आंख्या का यो काजल पर डांस कर उन्होंने ऐसी पॉपुलैरिटी हासिल की है कि सब यही सोचते हैं कि ये गाना उनका है। जबकि ये गाना डीसी मदाना का है। लेकिन इसे पॉपुलैरिटी दिलाई सपना चौधरी ने। सपना ने अपने प्रोग्राम्स और इवेंट्स में इस गाने पर इतनी बार परफॉर्म किया कि ये गाना उन्हीं का पेटेंट लगता है। डांस के मामले में सपना ने अपना मुकाम बनाने में काफी मेहनत लगती है। कभी सिर्फ लोकल प्रोग्राम करने वालीं सपना आज म्यूजिक वीडियोज करती हैं, बॉलीवुड फिल्म में नजर आ चुकी हैं और यहां तक कि छोटे पर्दे के सबसे कंट्रोवर्शियल शो बिग बॉस का हिस्सा भी बन चुकी हैं।


***फिर दिखा पुराना अंदाज :*** सपना के सोशल मीडिया अकाउंट में एक वीडियो में उनका पुराना अंदाज दिखा। पुराना लुक इसलिए, क्योंकि अब सपना का स्टाइल बदल चुका है। उन्होंने अपने ही गाने 'गोरी वी हलवे हलवे चाल' पर एक वीडियो शेयर किया।



इस फिल्म का पहले रखा गया था नाम 'नफरत के वारिस'

# कयामत से कयामत तक ने पूरे किए शानदार 36 साल

**नई दिल्ली।** कयामत से कयामत तक 1988 में रिलीज हुई, एक ऐसी टाइमलेस बॉलीवुड लव स्टोरी है, जिसने कई पीढ़ियों से दर्शकों के दिलों पर राज किया है। फिल्म के गाने से लेकर कहानी और कलाकार सब पसंद किए गए। यह सिनेमा के इतिहास की सबसे पसंदीदा रोमांटिक फिल्मों में से एक के रूप में अपनी 36वीं वर्षगांठ मना रही है। बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट कहे जाने वाले आमिर खान ने बतौर लीड एक्टर फिल्म कयामत से कयामत तक से अपनी शुरुआत की थी। राज के रूप में उन्हें दर्शकों और क्रिटिक्स दोनों ने खूब पसंद किया था। इतना ही नहीं फिल्म में उनकी जूही चावला के साथ केमिस्ट्री ने सभी का ध्यान अपनी तरफ खींचा था। फिल्म में दोनों के बीच के रोमांस ने सभी के दिलों को धड़काया था। इस फिल्म ने आमिर खान और जूही चावला को बॉलीवुड में एक मजबूत स्थान दिया था और इस तरह फिल्म ने उन्हें इंडियन फिल्म इंडिस्ट्री में एक आइकॉनिक फिगर्स में से एक बना दिया।



### शानदार थी फिल्म की कहानी

कयामत से कयामत तक फिल्म का पहले नाम 'नफरत के वारिस' रखा गया था। लेकिन फिर इस नाम को बदलकर कयामत से कयामत तक कर दिया गया था। मंसूर खान की इस फिल्म की कहानी न सिर्फ शानदार थी, बल्कि इसके टाइमलेस गाने ने भी लोगों पर गहरी छाप छोड़ी। आनंद-मिलिंद द्वारा कंपोज्ड और मजरूह सुल्तानपुरी द्वारा लिखे गए, यह साउंड्ट्रैक अपनी इमोशनल गहराई की वजह से दर्शकों के बीच तुरंत हिट हो गए। पापा कहते हैं, अकेले हैं तो क्या गम है और ऐ मेरे हमसफर जैसे सॉन्ग्स आज भी खूब पॉपुलर हैं।

## बोरिया बिस्तर समेटने की ला दी थी नौबत


# हिंदी सिनेमा की वो फिल्में जिन्होंने कर दिया डायरेक्टर्स का बंटाधार

*शोबिज में फिल्में हिट होने और फ्लॉप होने का खेल पूरे साल चलता है। यहां तक कि दर्शक भी बॉक्स ऑफिस आंकड़ों के अनुसार फिल्मों को टोटलते हैं। फिल्म इंडस्ट्री का ये बिजनेस तो लोगों को खूब समझ आता है, लेकिन एक फ्लॉप फिल्म कितनों को बर्बाद करती है इस पर ज्यादा बात नहीं होती। इंडस्ट्री में कई ऐसी फिल्में भी हैं जिन्होंने इसे बनाने वाले का बंटाधार कर दिया।*

मुंबई। फिल्म इंडस्ट्री देश के बड़े बिजनेस हब में शामिल है। फिल्म बनाने से लेकर उसे बेचने तक, रिलीज से पहले कई पड़ाव आते हैं, जिसमें खूब पैसा भी लगता है। जब कोई फिल्म हिट हो जाती है, तो लागत और प्रॉफिट के साथ पैसा लगाने वालों की चांदी हो जाती है। वहीं, अगर फिल्म बॉक्स ऑफिस पर पिट गई, तो प्रोड्यूसर्स का भट्ठा बैठ जाता है। जितनी महंगी फिल्म उतना ज्यादा नुकसान। फिल्म इंडस्ट्री में कई ऐसी फिल्में भी रही हैं, जिन्होंने डायरेक्टर्स का बंटाधार कर दिया। फ्लॉप फिल्म के साथ सिर्फ एक्टर्स ही नहीं, बल्कि फिल्म पिटने के लिए डायरेक्टर्स भी बराबर के जिम्मेदार ठहराए जाते हैं। कई बार तो फिल्ममेकर्स का करियर खत्म होने तक की नौबत आ जाती है।

### जानी दुश्मन

साल 2002 में आई जानी दुश्मन- एक अनोखी कहानी मल्टीस्टारर फिल्म थी। सनी देओल से लेकर अक्षय कुमार तक फिल्म में कई बड़े सितारे थे। जानी दुश्मन में लगभग 22 एक्टर्स शामिल थे। फिल्म का डायरेक्शन राज कोहली ने किया था, जो बॉलीवुड के जाने- माने फिल्ममेकर रहे थे। इस फिल्म को हिट बनाने के लिए कई पैंतरे आजमाए गए, लेकिन जब जानी दुश्मन रिलीज हुई, तो बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिट गई। जानी दुश्मन के बाद राज कोहली ने फिर कोई फिल्म डायरेक्ट नहीं की।




### कलंक

आलिया भट्ट, वरुण धवन, माधुरी दीक्षित, संजय दत्त, सोनाक्षी सिन्हा और आदित्य रॉय कपूर समेत कलंक में 6 बड़े स्टार्स शामिल थे। साल 2019 में आई इस फिल्म पर मेकर्स ने खूब पैसा लगाया था। कलंक के महंगे सेट की चर्चा भी हुई थी। करण जौहर ने फिल्म का प्रोडक्शन किया था और अभिषेक वर्मन ने डायरेक्ट किया था। कलंक को लेकर कई दावे किए गए थे, लेकिन जब रिलीज हुई थी फ्लॉप साबित हुई। करण जौहर ने फिल्म को एक धक्के की तरह बताया था। वहीं, अभिषेक वर्मन के करियर को भी कलंक ने नुकसान पहुंचाया, क्योंकि इसके बाद उन्होंने अभी तक कोई फिल्म डायरेक्ट नहीं की है। ये फिल्म वरुण धवन के करियर की पहली फ्लॉप फिल्म बनी। वहीं, आलिया भट्ट के करियर की सबसे बड़ी डिजास्टर फिल्म है। कलंक से पहले अभिषेक वर्मन ने 2 स्टेट्स डायरेक्ट की थी।




### रा-वन

शाह रुख खान और करीना कपूर स्टारर रा-वन एक बड़ी फिल्म थी। साल 2011 में रिलीज हुई इस फिल्म का हाल भी बॉक्स ऑफिस पर बेहाल साबित हुआ। रा-वन का डायरेक्शन अनुभव सिन्हा ने किया था, जो बॉलीवुड में हिट फिल्में देने के लिए जाने जाते हैं, लेकिन रा-वन ने उनकी भी कमर तोड़ दी। एक इंटरव्यू में अनुभव सिन्हा ने कहा था कि अगर 'मैं कमजोर इंसान होता, तो 2011 में रा-वन की असफलता के बाद खुद की जान ले लेता।'




### आतंक ही आतंक

आमिर खान फिल्म इंडस्ट्री के मिस्टर परफेक्शनिस्ट कहे जाते हैं। फिल्म को लेकर उनकी नजर पारखी है। हालांकि, उनके खाते में भी कई फ्लॉप फिल्में हैं। 1995 में आई आतंक ही आतंक एक गैंगस्टर ड्रामा थी, जो मारियो पूजो की द गॉडफादर से प्रेरित थी। फिल्म में आमिर खान के साथ- साथ रजनीकांत और जूही चावला भी थे। ये वो दौर था, जब तीनों सुपरस्टार बन चुके थे। फिल्म को लेकर खूब हाइप बनी हुई थी, लेकिन रिलीज के बाद का नजारा हैरान करने वाला था।



## खबर संक्षेप



### नवोदय विद्यालय में मनाया गया वार्षिकोत्सव

**अम्बिकापुर।** जवाहर नवोदय विद्यालय खलीबा का वार्षिकोत्सव सोमवार को एडिशनल कलेक्टर अमृतलाल ध्रुव एवं तहसीलदार केके मिरि ने आतिथ्य में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। अतिथियों ने गणपति की पूजा, दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। समारोह की शुरूआत सरस्वती वंदना से हुई। विभिन्न प्रांतों के लोकनृत्य की भावभीनी प्रस्तुति दी। सांस्कृतिक कार्यक्रम उपरांत सत्र 2023-24 के दौरान विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को स्मृति चिह्न एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉ.एसके सिन्हा ने अतिथियों को शॉल एवं स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। एडिशनल कलेक्टर श्री ध्रुव ने अपने संबोधन में कार्यक्रम की सराहना की एवं विद्यालय के विभिन्न मुद्दों पर प्रशासन द्वारा आवश्यक कदम उठाने का विश्वास दिलाया। शिक्षक राजेश कुमार ने आभार व्यक्त किया।

### युवाओं ने लिया मतदान करने का संकल्प



**अम्बिकापुर।** लोकसभा चुनाव को लेकर देशभर में चुनावी उत्साह की लहर देखने को मिल रही है। इस अवसर पर कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोस्कर के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में टचवुड संस्था और आजाद सेवा संघ द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में युवाओं ने शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ ली और 7 मई को होने वाले चुनाव के लिए मतदान केंद्र जाकर अपना मतदान करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जेल कल्याण अधिकारी वाणी मुखर्जी, रचित मिश्रा, रानी गुप्ता, प्रतीक गुप्ता, अभिनव चतुर्वेदी, गगन निगम एवं पीजी कॉलेज के छात्र उपस्थित रहे।

### परीक्षा परिणाम में अच्छे अंक देख मुस्कुराए बच्चे

**अम्बिकापुर।** देवीगंज रोड स्थित सरस्वती शिशु मंदिर देवीगंज का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें बालिकाओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। कार्यक्रम में अच्छे अंक पाने वाली बालिकाओं का तालियां बजाकर उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में समिति के उपाध्यक्ष अनिल सिंह मेजर, व्यवस्थापक बसन्त कुमार गुप्ता, व्याख्याता नेहा तिवारी मौजूद थे। कक्षा 9वी में नेहा कुमारी 87 प्रतिशत, स्वाति मण्डल 85 प्रतिशत, सूरज कुमार 84.1 प्रतिशत, 11वीं जीव विज्ञान,गणित से आकांक्षा जायसवाल 92 प्रतिशत, नेहा राजवाड़े 89.2 प्रतिशत, सायली मेढके 84.4 प्रतिशत, वाणिज्य, कला से बॉबी सोनी 82.2 प्रतिशत, प्रतीक करियाम 81.6 प्रतिशत, साधना नेताम ने 79.4 प्रतिशत अंक अर्जित की।

## प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मिला मैडल व प्रमाण-पत्र

# 26 हजार विद्यार्थियों के घोषित हुए परीक्षा परिणाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले के समस्त 571 प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में परीक्षा परिणाम घोषित करने के साथ 26 हजार विद्यार्थियों को प्रगति पत्रक का वितरण किया गया। वहीं प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्कूल की तरफ से ट्रॉफी, मेडल, प्रमाण पत्र, डायरी, कॉपी, पेन, बॉटल आदि देकर पुरस्कृत किया गया, इससे छात्र-छात्राओं में आत्मविश्वास एवं पालकों में उत्साह देखा गया और इस तरह के प्रयासों को सराहा गया।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने प्राथमिक व माध्यमिक शालाओं के परीक्षा परिणाम आने पर सभी विद्यार्थियों को बधाई दिए और आगे कक्षाओं के लिए खूब मेहनत करने को कहा। कलेक्टर श्री लंगेह ने कहा कि बहुत जल्दी दसवीं व बारहवीं के परीक्षा परिणाम भी आने वाले हैं। सभी विद्यार्थियों को रिजल्ट का बेसब्री से इंतजार है। उन्होंने कहा कि कुछ विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम आशा अनुरूप होंगे तो कुछ का परिणाम अपेक्षा से कम होंगे, वहीं कुछ विद्यार्थियों के परिणाम निराशाजनक होंगे तथा कुछ जो अपने परीक्षा परिणाम से संतुष्ट नहीं होंगे वे निराश होंगे, जिससे तनाव की स्थिति उत्पन्न होगी। श्री लंगेह ने परीक्षा में बैठे विद्यार्थियों व उनके पालकों को महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए कहा कि परीक्षा निश्चित ही उत्तीर्ण होने के लिए दिए जाते हैं, लेकिन कई बार अलग-अलग कारणों के कारण परिणाम मन मुताबिक नहीं होता। ऐसे में कोई भी विद्यार्थी को अपने धैर्य नहीं खोना चाहिए और पालक, अभिभावक, शिक्षक ऐसे समय में विद्यार्थियों से सकारात्मक बातें व उनकी हौसला अफजाई करनी चाहिए।



बच्चों को मिला प्रमाण पत्र।

**....तो जरूर मिलेगी सफलताः** जो छात्र बोर्ड परीक्षाओं में फेल हो जाते हैं, उन्हें निराश होने की जरूरत नहीं है। छात्रों को डांटने या उन्हें शर्मिंदा करने की बजाए यह समय उनके साथ खड़े होने का है। कलेक्टर श्री लंगेह ने कहा कि जिन बच्चों के नंबर कम आएं या फिर किसी कारण फेल हो गए हैं, उन्हें शर्मिंदा करने या उन्हें डांटने-फटकारने की बजाए उनका हौसला बढ़ाने और उनकी पसंद की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करनी चाहिए। उन्हें कड़ी मेहनत करने और उनका आत्मविश्वास बढ़ाना चाहिए। सकारात्मक सोच और मेहनत के दम पर विद्यार्थी आसमान छू सकते हैं। असफल रह जाने वाले या कम अंक हासिल करके दुखी, उदास,हताश होने वाले छात्र-छात्राओं से कलेक्टर श्री लंगेह ने कहा कि बेशक असफलता निराश और दुखी करती है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि आप आगे कुछ और नहीं कर सकते या फिर आपके भीतर कोई प्रतिभा है ही नहीं। आपके भीतर भी प्रतिभा जरूर है। बस आपको उसे पहचानने की जरूरत है। अपने माता-पिता से झूठ बोलने, परीक्षा में नकल करके पास होने या अध्यापकों से बहाने बनाने की बजाए आप जैसे हैं, वैसे ही रहने की कोशिश करें। हां बस आप अपने भीतर छिपे टैलेंट को पहचानने का पूरा प्रयास करें।

**टैलेंट को बनाएं जुनूनः** एक बार अपनी प्रतिभा को पहचान लेने के बाद उसे अपना जुनून बनाने की ओर अग्रसर हों। हो सकता है कि इसके लिए आपके पास संसाधन नहीं हों या कम हों, लेकिन इससे हार न मानें, इसे जिद बनाकर मेहनत और अभ्यास करेंगे, तो धीरे-धीरे उस क्षेत्र में आपको कामयाबी मिलनी आरंभ हो जाएगी। अगर ऐसा नहीं भी होता और शुरूआत में आपको सफलता नहीं मिलती, तो भी अपने प्रयास न छोड़ें। अगर आपके भीतर अपनी पहचान बनाने की जिद और भूख होगी, तो एक न एक दिन कामयाबी जरूर मिलेगी।



बांटे के पत्रक।

## स्वामी आत्मानंद के विद्यार्थियों को बांटे गए प्रगति पत्रक

**बैकुण्ठपुर।** सत्र 2023-24 के अंतिम दिवस 30 अप्रैल को विद्यालय का प्रगति पत्रक जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र कुमार गुप्ता के समक्ष विद्यार्थियों एवं उनके पालकों को वितरित किया गया।

प्रत्येक कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले विद्यार्थियों को पुरूस्कार स्वरूप मेडल, प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कक्षा पहली में प्रथम स्थान अनन्या साहू 100 प्रतिशत, द्वितीय स्थान हंसिका राजवाड़े 99.90 प्रतिशत, देवांश सिंह 99.90 प्रतिशत एवं तृतीय स्थान प्रियांचा खलखो 98.80 प्रतिशत व श्रेयांश राजवाड़े 98.80 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। कक्षा दूसरी में प्रथम स्थान रुद्रवीर साहू 100 प्रतिशत, द्वितीय स्थान मोहम्मद इब्राहिम 99 प्रतिशत व प्रिशा पाण्डेय 99 प्रतिशत एवं तृतीय स्थान प्रत्युष साहू 98 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। कक्षा तीसरी में प्रथम स्थान राधिका पैकरा 100 प्रतिशत, द्वितीय स्थान देविका सिंह 98 प्रतिशत एवं तृतीय स्थान आरोही अग्रहरि 95.50 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। कक्षा चौथी में प्रथम स्थान आदर्श श्रीवास्तव 99 प्रतिशत, द्वितीय स्थान जयान अहमद 94 प्रतिशत एवं तृतीय स्थान अक्ष कुमार साहू व प्राची ओगरे 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। कक्षा पांचवीं में प्रथम स्थान परिधि सोनवानी 100 प्रतिशत, द्वितीय स्थान सिद्धार्थ राजवाड़े 94 प्रतिशत एवं तृतीय स्थान आराध्या गुप्ता व वियोम गुप्ता 93 प्रतिशत अंक प्राप्त किया।

# 15 लाख देने का वादा आज तक पूरा नहीं हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ एमसीबी

■ बीजेपी की सरकार ने गेल-भेल सब बेच दिया

कोरबा लोकसभा प्रत्याशी ज्योत्सना चरणदास महंत के पक्ष में कांग्रेस के नेता घर-घर, गांव-गांव गली मोहल्ले में जाकर लगातार जोर-शोर से प्रचार कर रहे हैं। घर-घर में कांग्रेस के न्याय पत्र के बारे में बताने के साथ-साथ वोट की अपील की जा रही है। न्याय पत्र पर आम जनता का भरोसा बढ़ता जा रहा है।

इस कड़ी में मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के बैकुंठपुर विधानसभा क्षेत्र में नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने कहा कि बीजेपी की सरकार ने गेल-भेल सब बेच दिया है। कांग्रेस की सरकार में 400 में सिलेंडर मिलता था अब 1000 में सिलेंडर मिलता है। कांग्रेस की सरकार आएगी तो इसे आधा किया जाएगा। गरीब परिवार की महिलाओं को सालाना 1 लाख रुपए दिया जाएगा। धर्म को धर्म से बांटने वाले, जाति को जाति से बांटने वाले, लोगों में नफरत और झूठ फैला रहे हैं। 2 करोड़ लोगों को रोजगार देने का वादा, 15 लाख प्रत्येक व्यक्ति के खाते में डालने का वादा किया था जो आज तक पूरा नहीं हुआ।



प्रदेश में कांग्रेस की सरकार गोबर खरीदी कर ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बना रही थी। छत्तीसगढ़ की खेल संस्कृति को युवा मितान क्लब आगे बढ़ा रहे थे जिन्हें भाजपा की सरकार ने बंद कर दिया है। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने की बता करते हैं तो दूसरी तरफ भाजपा वाले एक तरफ चंदा लो और धंधा दो की राजनीति कर रहे है। आर्मी के जवानों को तोडक़र अग्नि वीर में भर्ती किया जा रहा है,किसानों का कर्ज माफ करने के लिए इनके पास पैसा नहीं है लेकिन अडानी और अंबानी का लाखों करोड़ रुपए का कर्ज यूं ही माफ कर देते हैं। भाजपा न गरीबों की सुनती है ना मजदूरों की। 10 साल में केन्द्र की भाजपा सरकार ने जनता के लिए कुछ नहीं किया।


इस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष भूपेंद्र यादव, वसीम खान, आशीष, हेमसागर यादव, आशा महेश साहू, बृजवासी महाराज, सौरभ आदि उपस्थित थे।

## नोटिस देने के बाद कार्रवाई करना भूला विभाग

# महामाया पहाड़ की हरियाली के लिए अवैध अतिक्रमण बना चुनौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

दो दशक पूर्व तक अपनी हरियाली एवं वन्य जीवों के आश्रय के रूप में मशहुर महामाया पहाड़ अब पूरी तरह से नंगा हो गया है। वन विभाग वर्षों से पहाड़ की हरियाली लौटाने के लिए लगातार पौधरोपण की खानापूर्ति कर रहा है। पहाड़ी पर लगातार बढ़ रहा अवैध अतिक्रमण पहाड़ की हरियाली के लिए चुनौती बना हुआ है। अपनी हरियाली एवं वन्य जीवों की आश्रय स्थली के रूप में चर्चित महामाया पहाड़ की सुदंरता को अतिक्रमणकारियों की नजर लग गई है। पहले हरे-भरे पेड़ों को उजाड़ने के बाद प्रारम्भ में आसपास के लोगों ने वनभूमि में अतिक्रमण करना प्रारम्भ किया। अतिक्रमणकारियों को भूमि अधिकार पत्र प्रदान करने के बाद अतिक्रमण में अचानक तेजी आई तथा देखते ही देखते पहाड़ पर बस्ती बस गई। वन अधिकारियों को भी पहाड़ पर तेजी से बढ़ रहे अतिक्रमण की जानकारी मिली लेकिन किसी ने भी पहाड़ी की वनभूमि को अतिक्रमण मुक्त करने की पहल नहीं की। शहर में आवासीय भूखण्डों की कीमतें आसमान पर पहुंचने के कारण पहाड़ पर धड़ल्ले से चल रहे अतिक्रमण ने लोगों को आकर्षित किया तथा लोग रातोंरात वनभूमि पर कब्जा कर अपना घर बनाने लगे। वरिष्ठ अधिकारियों का समर्थन नहीं मिलने के कारण मैदानी अमला भी चुप्पी साधे सबकुछ देखता रहा। इसका नतीजा यह हुआ कि पहाड़ी पर जगह-जगह पक्के मकान बन गए। पहाड़ एवं जंगल की दुर्गति देख लोगों ने आवाज उठाना शुरू किया तब तक बहुत देर हो चुकी थी। इधर वन अधिकारियों ने न तो कभी जंगल की हरियाली लौटाने की कोशिश की न ही पहाड़ी को अतिक्रमण मुक्त करने की ही कोशिश की। आलोचना से बचने अधिकारी पहाड़ पर प्लांटेशन कराने एवं अतिक्रमणकारियों को नोटिस देने की खानापूर्ति करते रहे। वर्ष 2021 में भाजपा पार्षद आलोक दुबे एवं भाजयुमो नगर अध्यक्ष निशांत सिंह की शिकायत पर शासन प्रशासन की दखल के बाद विभाग ने जांच कराई तो अतिक्रमण की हकीकत की जानकारी मिली।



### दी गई है नोटिस

अतिक्रमण हटाने सभी को नोटिस जारी किया जा चुका है। पूर्व में अतिक्रमण हटाने के लिए पुलिस बल उपलब्ध नहीं होने के कारण कार्रवाई रोक दी गई थी। लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद निर्देशन में कार्रवाई की जाएगी।

-**तेजस शेखर**, डीएफओ

# ग्रामीणों को नहीं मिल रहा नल-जल योजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बतौली/सेदम

ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को शुद्ध पेयजल घर में ही मिल सके इसके लिए केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना जल जीवन मिशन अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों में पानी टंकी निर्माण कर पाइप लाइन का विस्तार कर घरो में नल कनेक्शन लगाए जा रहे है। विकासखंड बतौली क्षेत्र में कार्य प्रारंभ किया गया परंतु कई ग्राम पंचायत ऐसे है जहां आज भी ग्रामीण नल जल योजना से वंचित है जिसमें ग्राम पंचायत बासेन भी शामिल है। आलम यह है गांव में एक हैंड पंप है लेकिन जल स्तर नीचे चले जाने से अब हैंड पंप ने भी पानी उगलना बंद कर दिया है। ऐसे में गांव के लोगों को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा है। इधर ग्रामीणों के घर के सामने नल व चबूतरा बना दिया गया परंतु पानी सप्लाई नहीं होने के कारण नल व चबूतरा सहित पानी टंकी मात्र शो पीस बन कर रह गई है।



पानी टंकी के पास एकत्रित ग्रामीण।

ग्राम पंचायतों में केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना जल जीवन मिशन के तहत हर घर तक पानी पहुंचाने का सपना अधूरा नजर आ रहा है। इस योजना के तहत ग्राम पंचायतों में काम लगभग दो साल पूर्व से ही शुरू कर दिया गया है लेकिन अधिकारियों के उदासीन रवैया एवं ठेकेदारों के मनमानी के कारण आज तक ग्रामीणों के घरों तक पेयजल के लिए नल की सुविधा उपलब्ध नहीं हो सकी जिसे लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। गौरतलब है कि बतौली विकासखंड अंतर्गत पोकसरी, सेदम, कपाट बहरी, बालमपुर, सुवारपारा, बासेन, मंगारी सहित कई ग्राम पंचायतों में आज तक काम पूरा नहीं हो सका जिससे आधे-अधूरे काम होने से क्षेत्र के ग्रामीण नल जल योजना का लाभ से वंचित है। ग्राम पंचायत बासेन के आश्रित ग्राम पथरई बढ़ईपारा में पिछले वर्ष नल जल योजना के तहत सिंगल विलेज जलप्रपात योजना अंतर्गत 53.37 लाख रुपए की लागत से पानी टंकी एवं ग्रामीणों के घरों में नल कनेक्शन देने का काम शुरू किया गया। हितग्राहियों के घर के सामने नल जल योजना अंतर्गत 7.30 हजार रुपए की लागत से पानी सप्लाई के लिए नल कनेक्शन व चबूतरा तो बना दिया गया लेकिन आज भी ग्रामीण नल से पानी उगलने की आस में बैठे है।

### जल्द होगी पानी सप्लाई

विभाग द्वारा प्रत्येक ग्राम में नल जल योजना की सप्लाई हेतु विशेष ध्यान दिया जा रहा है। ग्राम पथरई में भी जल्द ही नलों में पानी सप्लाई शुरू किया जाएगा।

-**कपिल वर्मा**, पीएचई अधिकारी

# नशीले इंजेक्शन के साथ युवक गिरफ्तार, गया जेल

**सूरजपुर।** पुलिस अधीक्षक एमआर आहिरे के निर्देश पर जिले में नशेड़ियों व नशे के कारोबारियों के विरूद्ध धर पकड़ अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत बसदेई पुलिस को उस से सफलता हाथ लगी जब पुलिस टीम ने बसदेई क्षेत्र में बड़ी मात्रा में नशीली इंजेक्शन खपाने आए एक युवक को न सिर्फ गिरफ्तार किया बल्कि उसके पास से 10 हजार कीमत की नशीली इंजेक्शन जब्त किया।

पुलिस ने युवक के विरूद्ध एनडीपीएस के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र में गश्त रहे चौकी बसदेई के पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिला कि एक व्यक्ति बाइक से नशीली दवा लेकर ऊंचडीह से बसदेई बस्ती की ओर जा रहा है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा ग्राम बसदेई में घेराबंदी कर विश्रामपुर थाना अंतर्गत ग्राम शिवनंदनपुर निवासी बाइक सवार संजय कुमार कुशवाहा आ. हरनारायण कुशवाहा (42 वर्ष) को पकड़ा। पुलिस ने युवक के पास से 10 हजार कीमत की नशीली इंजेक्शन बरामद किया। पुलिस ने बाइक व नशीली इंजेक्शन को जब्त कर युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 21(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में चौकी प्रभारी बसदेई विजय सिंह, प्रधान आरक्षक आनंद सिंह, आरक्षक अभय तिवारी, देवदत्त दुबे, अमित सिंह, निलेश जायसवाल व विनय कुजूर सक्रिय रहे।




### बी.एस.सी. नर्सिंग का मार्कशीट एवं पंजीयन गुम होने की सूचना

गायत्री पिता श्री जयसिंह पैकरा उम्र 31 वर्ष निवासी ग्राम+पोस्ट- चिरमी (497449) तहसील-खड़गवां, जिला-कोरिया (छ.ग.) की रहने वाली है। दिनांक 15-04-24 को अपने बी.एस.सी. नर्सिंग का सम्पूर्ण अंकसूची, नर्सिंग पंजीयन, डिग्री प्रोविजनल एवं 10 वीं, 12 वीं का मूल प्रति बैकुण्ठपुर बस स्टैण्ड के पास कहीं गिर गया है।

जिस भी मुहानुभाव को मिले तो कृपया इस **मो.नं. 7692810717 पर सम्पर्क करें।**


## पेज 1 का शेष

### लोस चुनाव : पुलिस के ...

मार्च निकाला गया। भयमुक्त माहौल में मतदान करना पुलिस का सबसे बड़ा कर्तव्य है। इसी मंशा से कोरिया पुलिस द्वारा शहर में फ्लैग मार्च, एरिया डोमिनेशन एवं नाईट पेट्रोल किया गया एवं निरंतर किया जा रहा है। कोरिया एसपी श्री परिहार ने कहा कि हमारा प्रयास है कि इस फ्लैग मार्च के माध्यम से पुलिस की सक्षम उपस्थिति दिखें। लोकसभा चुनाव में खलल डालने वाले असामाजिक तत्वों पर पुलिस फोर्स का डर बना रहे। पूरे जिले में पुलिस के अधिकारियों और कर्मचारियों ने केन्द्रीय पुलिस बल की टुकड़ियों के साथ फ्लैग मार्च किया और असमाजिक तत्वों को कड़ा संदेश देने का प्रयास किया है।

### शादी का झांसा ...

में लिया गया। उच्चाधिकारियों के निर्देशन पर त्वरित कार्रवाई कर आरोपी को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया है। इस कार्रवाई में निरीक्षक अनिल किण्डो, उप निरीक्षक अब्दुल मुनाफ, प्रधान आरक्षक सत्येन्द्र तिवारी, आरक्षक राजेश कुमार, विजय सिंह, महिला आरक्षक रंजना का सराहनीय योगदान रहा है।

### खंड काव्य लोगों ...

रामचरित मानस, पुराण, महाभारत के बाद अगर किसी ग्रंथ को महत्व दिया जाना चाहिए तो वह कल्याण कल्प है। इसीक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता रामप्रसाद गौतम ने कहा कि कल्याण कल्प वेद, वेदांत, पुराण, उपनिषद एवं दर्शन शास्त्र का सार है, यह एक श्रेष्ठ शोध प्रबंध है। पर्यावरण प्रेमी बीरेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि इस पुस्तक में जीवन की सफलता के सूत्र हैं। व्यंग्यकार जगदीश पाठक ने कहा कि जीवन में सत्संग मिल जाए तो भक्ति का उदय होता है, भक्ति से संस्कार जन्म लेते हैं और संस्कारित जीवन सदैव सुखद व कल्याणकारी होता है। श्री पाण्डेय ने अपनी पत्नी के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि पुण्यतिथि पर ही किताब का विमोचन करना बहुत अच्छा लगा। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार जगदीश पाठक, वीरेन्द्र श्रीवास्तव, वरिष्ठ अधिवक्ता राम प्रसाद गौतम, सतीश उपाध्याय, समाजसेवी ठाकुर प्रसाद केसरी, रामचरित द्विवेदी, शशिकला श्रीवास्तव, गौरव अग्रवाल, आरडी दीवान ,हरिनारायण पांडे, बारीक कर, वंदना, भूपेन्द्र सिंह, केशव जायसवाल, सुखनंदन सिंह, परमेश्वर सिंह, राजाराम राजवाड़े सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन परमेश्वर सिंह ने किया। आयोजन को सफल बनाने में मृत्युंजन सोनी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### आरक्षक रामनाथ को ...

कि पुलिस विभाग के लिए ऐसा काम करें, जिससे कि आपके सेवानिवृत्त होने पर आपकी रिक्ततता विभाग में महसूस हो। एसपी के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक कार्यालय के स्टॉफ द्वारा सेवानिवृत्त होने पर उनके देय स्वत्वों जैसे अवकाश नगदीकरण, परिवार कल्याण निधि, समूह बीमा योजना, डीपीएफ फाइनल पेमेंट एवं उपादान की राशि सहित संपूर्ण भुगतान करने की कार्रवाई कर दिया गया है। कार्यक्रम के अंत में श्री राम को पुलिस वाहन में उन्हें बैकुंठपुर के मुख्य चौक से होते हुए उनके शासकीय क्वार्टर तक छोड़ा गया एवं ससम्मान विदाई दी गई है। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोनिका सिंह ठाकुर, उप पुलिस अधीक्षक श्याम लाल मधुकर, जेपी भारतेन्द्रु, नेलशन कुजूर, राजेश साहू, प्रशिक्षु डीएसपी रविकांत सहारे, रक्षित निरीक्षक, थाना अजाक, महिला परामर्श केन्द्र, यातायात प्रभारी, पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभी शाखा प्रभारी सहित जिले के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### मतदान के लिए...

जायसवाल ने श्रमिकों को अंगरखा पहनाकर सम्मान किया। जिले में मतदाता जागरूकता के लिए गठित स्वीप समिति के भी नोडल अधिकारी सीईओ डॉ.चतुर्वेदी ने बताया कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री लंगेह के निर्देशानुसार जन-जन तक मतदान का संदेश ले जाने के लिए भी मजदूर दिवस के अवसर पर विभिन्न गतिविधियां भी कराई गयीं। यहां श्रमिकों के सम्मान के साथ ही आगामी लोकसभा निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूकता का संदेश देते हुए सभी श्रमिकों को शपथ दिलाई गई। साथ ही उपस्थित श्रमिकों को अपने परिवार व ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी मतदान की अपील का पंपलेट वितरित किया गया। मजदूर दिवस के अवसर पर आए हुए ग्रामीणों को लोकसभा निर्वाचन के मतदान तिथि 7 मई को सपरिवार मतदान के लिए आने के लिए आमंत्रण पत्र भी दिया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत सीइओ, कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा, ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सहायक सहित अनेक श्रमिक व ग्रामीण उपस्थित रहे।

### मजदूर दिवस पर...

उनका आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय की निदेशिका श्रीमती पूनम सिंह ने कहा कि इनके बिना विद्यालय की हम कल्पना भी नहीं कर सकते। सबसे पहले आना और अंत में जाना, ये विद्यालय के रक्षक हैं। इसके बाद जहां एक ओर विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने सहायक कर्मचारियों को पुष्पगुच्छ तथा मिठाई देकर सम्मानित किया।


न्यूरो ओ.पी.डी. प्रतिमाह दूसरे शनिवार

सिर एवं रीढ़ की हड्डी की चोटें, ब्रेन ट्यूमर एवं कैंसर, ब्रेन हेमरेज, डिस्क प्रोलेप्स, ब्रेन हिमेटोमा एक्सीडेंट, ट्रामा एवं सिर की चोटों का उपचार एवं परामर्श

डॉ. हर्षित मिश्रा
MBBS, MS, M.Ch. (Neuro Surgery) (AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR

शनिवार, 11 मई 2024
को परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।
समयः शाम 05.00 बजे से

अग्रिम पंजीयन आवश्यक

स्थानः बड़ेरिया डायग्नोस्टिक, बाजारपारा, बैकुण्ठपुर
मो. 9425255110, 9425269110



online Booking:-www.tripuryatra.com



सबसे कम राशि पर

स्लीपर मात्र 18,500/-

चार धाम यात्रा

श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश

By Train-रिजर्वेशन कोच

20 मई से 02 जून 2024, 24 मई से 06 जून 2024, 26 मई से 08 जून 2024, 29 मई से 11 जून 2024
05 जून से 18 जून 2024

राशिः-स्लीपर-18500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)

Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411